**खबर संक्षेप**

### प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने सफर किया आसान ग्रामीण हुए प्रसन्न

**मण्डला।** महाप्रबंधक मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण मंडला के द्वारा 73 लाख 7 हजार की लागत से नैनपुर रोड से ग्राम सगोनिया तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क का निर्माण किया गया है। इससे ग्राम सगोनिया तक आने जाने के लिए नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिली है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण नैनपुर रोड से ग्राम सगोनिया तक दूरी 2.781 किलोमीटर है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्वक पूरा किया गया है। आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए सड़क मार्ग में पड़ने वाले दो नालों में पुलिया निर्माण भी किया गया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण होने से ग्राम सगोनिया और ग्राम सरई आपस में मुख्य मार्ग से जुड़ गए हैं। ग्राम सगोनिया में आदिवासियों का प्रसिद्ध देव स्थान भी है। इस देव स्थान में प्रतिदिन श्रद्धालुजन आते रहते हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से इस देव स्थान में आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा हुई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से ग्राम सगोनिया के छात्र छात्राओं और नागरिकों के लिए आवागमन बेहद आसान हो गई है। श्री रमेश कुमार मरकाम ने बताया कि पहले कच्ची सड़क होने के कारण नागरिकों को आने-जाने में बहुत कठिनाई होती थी, बरसात के मौसम में आने-जाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन जब से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क का निर्माण हुआ है, तब से नागरिकों का आवागमन सरल हुआ है। उन्होंने बताया कि अब स्कूली बच्चे भी रोजाना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की पक्की सड़क से स्कूल आना-जाना कर रहे हैं। शासन के द्वारा मिली साइकिल से वे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क से रोजाना स्कूल जा रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से पक्की सड़क बन जाने पर सभी नागरिक बहुत प्रसन्न हैं।

**परिक्रमावासियों के लिये उपलब्ध होगी सुविधायें**

# साढ़े तीन करोड़ की लागत से बनेंगे आश्रम

*** गंगाजली, कमण्डल, अंगोछा और तुलसीमाला संतों को भेंट किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





प्रदेश शासन की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि संतों के साथ मिलकर जिले का विकास और धर्म प्रचार को बढ़ाने के लिए महा कुंभ स्थल में संत समागम का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होने बताया कि संतों के सहयोग और मार्गदर्शन से इस पवित्र स्थल में अर्द्धकुंभ मेला का आयोजन किया गया था। उस अर्द्धकुंभ मेला में देश विदेश से श्रद्धालु जन पहुंचे थे। उस पवित्र कार्य को स्मरण करते हुए संत समागम का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई जा रही है। इस स्थान को महालोक बनाया जायेगा और इस स्थान में धर्म ध्वज लहरायेगा। अब यहां संत समागम के कार्य नियमित होंगे यहां आने पर लोगों को शक्ति और शांति मिलेगी। प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उईके गुरुवार को शरदपूर्णिमा एवं महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कुंभ स्थल में आयोजित संत समागम कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला भाजपा अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, नगरपालिका मंडला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत मंडला अध्यक्ष सोनू भलावी, जिला पंचायत सदस्य व सभापति (संचार व सकर्म) शैलेष मिश्रा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन, डिप्टी कलेक्टर लालशाय जगेत, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित संत दीपक दास जी, संत शिवानंद जी, संत परमानंद दास जी, संत तुलसीगिरी जी, संत रामेश्वर दास जी, संत नर्मदागिरी जी, साधवी गिरिजा देवी जी, संत सीताशरण जी, संत घनश्याम दास जी, संत लखनदास जी, संत रामदयालगिरी जी, संत सुभद्रागिरी जी, संत गोविंदगिरी जी, संत रामनाथ शास्त्री जी, संत



मदनमोहनगिरी जी, संत केशवानंद महाराज जी, संत चेतन्य महाराज जी, संत जगत महाराज जी, संत हेमकरण महाराज जी, संत अतीश महाराज जी सहित अन्य संतगण मौजूद थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके जी ने संत समागम कार्यक्रम में पहुंचे संतों का गंगाजली कमण्डल, अंगोछा और तुलसी माला से स्वागत किया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर संत समागम कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। संतों ने अपने आर्शिवचन से सबको धर्म का उपदेश दिया। इस अवसर पर संतों के द्वारा भक्ति गीत एवं भक्ति भजन गाए गए। संतों के द्वारा यात्रा निकालकर जय जय कार के नारे लगाए गए। नर्मदा जी का अभिषेक व महाआरती कर दीपदान किए गए। इसके बाद पौधरोपण और धर्मध्वज की स्थापना की गई। संतों और श्रद्धालुओं के द्वारा भजन प्रस्तुति, हनुमान चालीसा पाठ, नर्मदाष्टकम किया गया। इसके बाद संतों को भोजन व प्रसादी प्रदान किए गए।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि संतों के संगत से श्रद्धालुओं को धर्म आचरण का पालन करने की प्रेरणा मिलती है। इससे वह अपने जीवन के सदमार्ग में चलकर सफलता को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम भी हमेशा संतों के संगत में रहते थे और संतों के पदचिन्हों में चलकर धर्म आचरण का पालन करते थे। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि हमारी सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास के विभिन्न कार्य हुए हैं। देश प्रगति और विकास की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मंडला जिले के विकास और उत्थान में हमारी सरकार की महत्वपूर्ण भूमिका है। मंडला जिला शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। मंडला जिले में रोजगार की अपार संभावनाएं बढ़ी हैं। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि नर्मदा नदी के घाटों में एकादशी के अवसर पर महाआरती की जाएगी। जैसा कि प्रयागराज, अयोध्या जैसे पवित्र नगरों में होता है। उन्होंने धर्म प्रेमियों से आग्रह किया कि मंडला जिले में आयोजित होने वाली महाआरती कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने कहा कि नर्मदा नदी प्रदेश के 16 जिलों से होकर गुजरती है। जिसमें से मंडला जिले में नर्मदा नदी का बहाव अत्यधिक है, जो जिलेवासियों के लिए सौभाग्य की बात है।

मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने बताया कि मंडला जिले में परिक्रमा वासियों के लिए अलग-अलग संस्थाएं सेवाभाव से काम कर रही हैं, वे परिक्रमावासियों के लिए आवास, भोजन का प्रबंध कर पुण्य का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में परिक्रमावासियों के लिए 3 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से आश्रम बनाए जाएंगे। जिससे परिक्रमावासी इन आश्रमों में भोजन व विश्राम कर सकें। मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने संत समागम कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला प्रशासन और कार्यक्रम में पहुंचे समस्त संतों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इसी प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित करने के निर्देश दिए, जिससे संत समागम के माध्यम से संतों का संदेश पूरे देश में फैले और मंडला जिला एक धार्मिक नगरी के नाम से प्रसिद्ध हो।




कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयोजित संत समागम कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मंडला जिले में संत समागम का कार्यक्रम आयोजित होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नगर की विशेषता होती है जिससे उसे धार्मिकता का भाव मिलता है। मंडला जिला को माँ नर्मदा नदी के कारण धार्मिकता का भाव मिला है। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए संत समागम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हमारे शरीर को भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार से हमारे मन को संतों के प्रवचन की आवश्यकता होती है। उन्होंने आयोजित कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी एवं संतजनों को धन्यवाद दिया। संत समागम स्थल में आरोग्यम शिविर भी लगाया गया। आयोजित शिविर में संतों और श्रद्धालुओं ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। संत समागम कार्यक्रम का संचालन श्री अखिलेश उपाध्याय ने किया।

### कान्हा में चार दिवसीय तृतीय तितली सर्वेक्षण



**मण्डला।** कान्हा टायगर रिजर्व जैव विविधता से परिपूर्ण संरक्षित वनक्षेत्र है। कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत तितलियों की प्रजातियों की पहचान करने एवं आम जनमानस में वन्यप्राणी संरक्षण की भावना जगाने के लिए सतत रूप से तितली सर्वेक्षण किया जा रहा है। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य तितली प्रजातियों की गणना करना है, इस तरह के सर्वेक्षण से तितली के बारे में अधिक जानकारी इकट्ठा करना है एवं उनका अध्ययन करना है। इसी कड़ी में कान्हा टाईगर रिजर्व में तितली सर्वेक्षण दिनांक 17 से 20 अक्टूबर, 2024 तक कान्हा प्रबंधन एवं स्वंयसेवकों के सहयोग से तृतीय तितली सर्वेक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसका प्रारंभ दिनांक 17.10.2024 को ईको-सेन्टर, खटिया में श्री एस.के. सिंह, भा.व.से., क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व के द्वारा सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया जायेगा तथा उन्हें तितली सर्वेक्षण में ली जाने वाली सावधानियों से अवगत भी कराया जायेगा। तितली सर्वेक्षण में 11 राज्यों के लगभग 80 स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया जा रहा है, जिसमें महाराष्ट्र, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक एवं तमिलनाडू इत्यादि राज्यों के प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन उप संचालक, श्री पुनीत गोयल (कोर), उप संचालक, सुश्री अमिता, के.बी. (बफर) द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सहायक संचालक एवं परिक्षेत्र अधिकारियों का विशेष रूप से सहयोग होगा। प्रतिभागियों को कोर, बफर एवं फेन परिक्षेत्रों के 40 केम्पों का चयन कर तितली सर्वेक्षण हेतु भेजा जायेगा। प्रतिभागियों के साथ कान्हा टाईगर रिजर्व के वनरक्षक एवं अन्य स्टाफ भी सर्वेक्षण का कार्य करेगें। सर्वेक्षण का समापन दिनांक 20.10.2024 को किया जावेगा। जिसमें समस्त प्रतिभागियों द्वारा देखे गये तितलियों की जानकारी का संकलन कर रिपोर्ट तैयार की जावेगी। समस्त तितली सर्वेक्षण की रिपोर्ट मोबाइल ऐप के माध्यम से संकलित की जावेगी।

# भीखमपुर गांव की अद्भुत मढिया: चौसठ योगिनी माता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिले के भीखमपुर गांव में स्थित चौसठ योगिनी माता की मंढिया श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष स्थान रखता है। यह मढिया अपनी अद्भुत शक्ति और दिव्यता के लिए प्रसिद्ध है। हर वर्ष चैत्र और शारदीय नवरात्र के दौरान यहां भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है, जो अपनी मनोकामनाओं के लिए इस स्थल पर पहुंचते हैं। यहां आने वाले भक्तों का मानना है कि चौसठ योगिनी माता उनकी सभी मुरादें पूरी करती हैं। भक्त विभिन्न क्षेत्रों से अपनी अर्जी लेकर यहां आते हैं, और हर बार उनकी प्रार्थनाएं सुनाई जाती हैं। कई लोग तो दूर-दूर से यहां आने की योजना बनाते हैं, जिससे इस स्थान की महत्ता और भी बढ़ जाती है। नवरात्र के दौरान, मंदिर परिसर में विशेष आयोजनों का आयोजन किया जाता है। भक्तजन माता की आरती में भाग लेते हैं, भजन-कीर्तन करते हैं और प्रसाद का वितरण होता है। इस समय मंदिर के चारों ओर एक भक्तिमय माहौल बन जाता है। श्रद्धालु अपने परिवार और दोस्तों के साथ यहां आते हैं, और सामूहिक रूप से माता की कृपा प्राप्त करने के लिए प्रार्थना करते हैं।भक्तों के अनुभव भी इस स्थान को विशेष बनाते हैं। कई लोग यहां आने के बाद अपने जीवन में बदलाव महसूस करते हैं। उनकी व्यक्तिगत कहानियां, जो कि यहां आए श्रद्धालुओं के अनुभवों पर आधारित हैं, इस स्थान की महिमा को और बढ़ाती हैं। कुछ भक्त अपने कठिन समय के बाद इस स्थान पर पहुंचे और उन्हें उनकी समस्याओं का समाधान मिला, जिससे उनका विश्वास और भी बढ़ गया। चौसठ योगिनी माता की मढिया शांति और ऊर्जा ने इसे एक महत्वपूर्ण स्थल बना दिया है। इसके साथ ही, इस स्थान की लोककथाएं इसे और भी रोचक बनाती हैं। यह माना जाता है कि यहां आने वाले भक्तों को न केवल आध्यात्मिक शांति मिलती है, बल्कि यह उन्हें अपने जीवन में सकारात्मकता और प्रेरणा भी प्रदान करता है। एवं आसपास के जिलों से लोग यहां अपनी अर्जी लेकर आते हैं, जिससे यह स्थान क्षेत्र में एक प्रमुख धार्मिक केंद्र बन गया है। भक्तों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि चौसठ योगिनी माता की कृपा और शक्ति आज भी जीवित है। भीखमपुर गांव का यह अद्भुत मढिया न केवल श्रद्धा का केंद्र है, बल्कि यह लोगों को जोड़ने और समाज में एकता बनाए रखने का भी एक माध्यम है। ऐसे में चौसठ योगिनी माता की मढिया एक सशक्त स्थान बनकर उभरी है, जहां हर कोई अपनी आस्था और विश्वास के साथ आता है। बताया गया कि पहले यह मढ़िया गांव के अंदर लुहार मोहल्ले में मिट्टी की बनी दीवार और खपरैल कमरे में थी बाद पंडा बनमाली एवं भक्तों ने मिलकर सड़क के किनारे पक्के हाल में शिफ्ट कर दिया था।

हमने अपने बचपन से देखा और सुना है कि दूर दूर से लोग संतान प्राप्ति की अभिलाषा में यहां अर्जी लगाते थे और उनके यहां एक दो साल में संतान की किलकारी सुनाई पड़ जाती थी। दूर दूर के की बड़े सेठ, व्यापारी जिनके घर में बारह पंद्रह सालों से संतान नहीं होती थी यहां लगाई अर्जी से साल डेढ़ साल में उन्हें संतान प्राप्ति हुई है।







**अंधेरगर्दी** | **पवित्र नगरी की मर्यादा पर उठ रहे सवाल।**

# महात्मा गांधी स्टेडियम में शराबखोरी का तांडव

*** खेल के मैदान में फैली शराब की बोतलें।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कल मंडला नगर में शरद पूर्णिमा के उत्सव की धूमधाम के बीच एक चिंताजनक घटना सामने आई है। जहां पूरे शहर में उत्सव की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहीं महात्मा गांधी स्टेडियम में शराबखोरी की घटनाओं ने लोगों का ध्यान खींचा। यह स्टेडियम खेल और खिलाड़ियों के लिए आदर्श स्थल माना जाता है, लेकिन इस मौके पर कुछ लोगों ने इसका गलत इस्तेमाल करते हुए वहां शराब का सेवन किया। इस घटना के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं, जिससे शहर के माहौल में असंतोष और आक्रोश का माहौल है। यह ध्यान देने योग्य है कि मंडला, जो एक पवित्र नगरी के रूप में जाना जाता है, वहां शराब की एक भी दुकान नहीं है। जो तीन दुकाने और अहाते थे उन्हें काफी समय पहले बन्द किया जा चुका है सूत्रों की माने तो शराब माफियाओं की मिली भगत से अब शहर में 200 से ज्यादा पिकअप पॉइंट और पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट स्थापित कर दिए गए हैं। इन पिकअप एवम पिक एंड ड्रॉप पॉइंट्स के कारण शहर में शराब की घर-घर पहुंच आसान हो गयी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति शहर की शांति और सद्भावना के लिए खतरनाक साबित हो रही है। इससे न केवल युवाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है, बल्कि समाज में असामाजिक गतिविधियों का भी बढ़ावा मिल रहा है।

शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने प्रशासन से इस मुद्दे पर सख्त कदम उठाने की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जाए और महात्मा गांधी स्टेडियम जैसे स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी की जाए।

सेव स्टेडियम ग्रुप के संचालक समीर बाजपेयी ने कहा की ₹मंडला की पवित्र नगरी में इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हैं। महात्मा गांधी स्टेडियम, जो हमारे शहर के लिए एक आदर्श स्थल है, वहां शराबखोरी और अनुशासनहीनता की घटनाएं न केवल खेल भावना का अपमान हैं बल्कि हमारे सांस्कृतिक मूल्यों के खिलाफ भी हैं। शहर में शराब की दुकानें बंद होने के बावजूद शराब की अवैध आपूर्ति और इसके सेवन की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक हैं। प्रशासन को इन गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए और इस तरह के पवित्र स्थलों की गरिमा को बनाए रखना चाहिए।

उन्होंने प्रशासन से अपील की कि अवैध शराब के पिकअप पॉइंट्स और उनकी आपूर्ति के स्त्रोतों पर तत्काल नियंत्रण किया जाए ताकि शहर की शांति और सद्भाव को बरकरार रखा जा सके।



## खबर संक्षेप

### झिकोली घाट पर मनचलों की हरकतों का शिकार होते रही महिलाएं

**सांईखेड़ा।** क्षेत्रवासियों के लिये आस्ता का केन्द्र रहने वाली माँ नर्मदा जी के भक्त जिस प्रकार से हर माह पड़ने वाली पूर्णिमा के मौके पर क्षेत्र के नर्मदा तटों पर स्नान व पूजन करने के लिये पहुंचते। इसी प्रकार से हर माह के पूर्णिमा के अवसर पर समीस्थ झिकोली नर्मदा तट पर भी भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसके चलते अनेक भक्त झिकोली नर्मदा पर बने हुये पुल के नीचे स्नान करते हुये पूजन करते हुये देखे जाते है। मगर यहां पर पुलिस विभाग की उदासीनता के चलते देखा जाता है कि नर्मदा स्नान करने वाली महिलाओं को पुल पर खड़े होकर मटर गस्ती करने वालों की हरकतों का शिकार होने के लिये मजबूर होना पड़ता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शरद पूर्णिमा के अवसर भी देखने मिला जहां नर्मदा तट पर उमडी भीड के चलते नर्मदा भक्त यहां के पुल के नीचे ही स्नान करने के साथ साथ पूजन हवन करने में लगे हुये थे। उसी दौरान अनेक मनचले युवा पुल के ठीक ऊपर खड़े होकर जिस प्रकार से अशोभनीय हरकते करते हुये देखे गये उसके चलते आमजनों में आक्रोश की स्थिति निर्मित होने से नही चूक पा रहा थी? बताया जाता है कि इन मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो नर्मदा स्नान करने के उपरांत यहां पर बने हुये कपड़ा बदलने के घरों के अंदर पहुंचकर अपने कपड़ा बदल रही होती है। क्योंकि यहां पर स्थापित कपड़ा बदलने के लिये बनाये गये स्थान ऊपर भाग से खुले रहते है जिसके चलते पुल के ऊपर खड़े होने वालों द्वारा जब नीचे की ओर देखा जाता है तो कपड़ा बदल रही महिलाओ को अपने कपड़े बदलने में परेशान होना पड़ता है। मगर इस प्रकार से मनचलों की हरकतों पर पुलिस प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण यह लोग कई घंटो तक पुल के ऊपर खड़े रहते हुये इस प्रकार की अशोभनीय हरकते करते हुये महिलाओं को परेशान करने से नही चूकते है।

### तेजी से घट रही दुधारू पशुओं की संख्या

सिंहपुर छोटा। अगर इसी रप्तार से दुधारू पशुओं की संख्या घटती रही तो निश्चत ही आने वाले दिनों मे नौमिहालो को दुध के लाले पड सकते है। वह दिन दूर नही जब दूध के दाम आसमान छुने से नही चुकेगें और नगरिक दूध के लिए यहां वहां भटकने मजबूर होगे। किसानो मे दुधारू पशु पालने के प्रति मोहभंग हो जाने से पशुओं की संख्या घटती जा रही है वही सरकार भी इससे अनजान बनी हुई है, जिससे अब किसान भी दूध का उत्पादन करने के बजाय अन्य व्यसाय पर ज्यादा जोर देने लगे है,पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार निरंतर पशुओं की संख्या घटती जा रही है और आज स्थिति यह हो गई है कि लोग दुधारू पशु पालने से ही तौबा करने लगे है ,जानकारो का कहना है कि दुधारू पशुओं की निरंतर घटती संख्या एवं पशु पालकों का मोहभंग होने के पीछे पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न मिलना चारे के दाम आसमान छूना, गौहत्या चरम पर होना, शासकीय योजनाओं का पालकों को लाभ न मिलना है जिससे अब लोग पशु पालने से कतराने लगे है।

# शरद पूर्णिमा के मौके पर सुबह के बाद चंद्र ग्रहण मोक्ष होने पर नर्मदा तटों पर उमड़ा जन सैलाब







**गाडरवारा।** सदा ही क्षेत्र की रक्षा करने वाली माँ नर्मदा के लिये हर माह की पूर्णिमा को देखा जाता है कि जिस प्रकार से क्षेत्रवासी व भक्त जहां पैदल पहुंचते है। वही कुछ भक्तों को सरे भरते हुये देखा जाता है। इसी का परिणाम है क्षेत्र के लोगों की माँ नर्मदा जी द्वारा सदा रक्षा की जाती है आज तक क्षेत्र में इस प्रकार से कोई बड़ा संकट नही आया है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये गुरूवार को भी देखने मिला जहां शरद पूर्णिमा के मौके पर माँ नर्मदाजी के तटों पर भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी गई, जिसके चलते क्षेत्र के ककरा नर्मदा घाट, भटेरा घाट, झिकोली घाट, शोकलपुर घाट, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द नर्मदा तट पर दिन भी भक्तों की भीड़ लगी रही। वही हजारों की संख्या में पहुंचकर लोगों ने माँ नर्मदा के निर्मल नीर में डुबकी लगाते हुये माँ नर्मदाजी की पूजन करते हुये क्षेत्र की सुख समृद्वि की कामना की गई । इस प्रकार से स्नान दान व शरद पूर्णिमा के दौरान देखा गया कि एक दिन पहले यानि की रात से ही पैदल जाने वाले महिला, पुरूष वच्चों की शहर की सड़को पर लाईने लगी हुई देखी गई जो दूर दूर के गांवों से नर्मदा स्नान के लिये पैदल पहुंच और नर्मदा में पहुंचकर डुबकी लगाई गई। प्रतिवर्ष देखा जाता है कि शरद पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा तटों पर श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ते हुये देखी जाती है उसके चलते नर्मदा तटों की स्थिति इस प्रकार से बन जाती है कि वहां पर पैर रखने के लिये भी जगह मिल पाना मुश्किल हो जाता है और इसी बात को ध्यान में रखते हुये प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किये जाते है। इस तरह शरद पूर्णिमा के अवसर पर एक दिन पहले से ही नर्मदा स्नान करने जाने वालें के जत्थें बुधवार की शाम शहर की सड़कों से निकलते हुये देखे गये और रात के समय नर्मदा तटों में मेले जैसा नजारा दिखाई देने से नही चूक रहा था। इस तरह देर रात क्षेत्र की सड़को से लेकर नर्मदाजी के तट जयकारों से गूंजते हुये नजर आने लगे थें और लोगों द्वारा आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये दीप दान किया गया। इस प्रकार से शरद पूर्णिमा के दौरान नर्मदा तटों पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये प्रशासन पूर्णरूप से सतर्क नजर आ रहा था तो दूसरी ओर सभी घाटो पर पैनी नजर बनाये थें। क्योंकि बीते हुये वर्ष जिस तरह अनेक जगहों पर घटनाएं घटित होने के कारण लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ जाने की बात को ध्यान में रखते हुये अधिकारियों द्वारा पुख्ता इंतजाम किये गये थें और इसी का परिणाम है कि इस वर्ष समाचार लिखे जाने तक कही से भी कोई घटना घटित होने की कोई जानकारी नही मिली है? क्योंकि प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी जहां शरद तथा कार्तिक पूर्णिमा पर माँ नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जात है इसी के चलते प्रशासन सतर्क रहता है। क्योंकि गाडरवारा क्षेत्र के झिकोली, शोकलपुर नीलकुंड व भटेरा सहित थरेरी व कोठिया, लिंगा खुर्द नर्मदा घाट क्षेत्र के श्रद्वालुओं के लिये नर्मदा स्नान करने व पूजन करने के लिये प्रमुख माने जाते है जहां पर हर पूर्णिमा के मौके पर नर्मदा भक्तों की भीड़ उमड़ने से नही चूकती है, जिसमें प्रमुख रूप से शरद व कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर सच्चाई किसी से छिपी नही रहती है। प्रतिवर्ष इस दिवस यहां पर हजारों की संख्या में भक्त इन घाटों पर पहुंचकर जहां माँ नर्मदा में आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन करते हुये भण्डारों का आयोजन भी करते है। इसी के चलते बीते हुये गुरूवार को शरद पूर्णिमा पर स्नान करने वालों की रात से ही भक्तों के पैदल जत्था पहुंचना शुरू हो गये थें जिसमें अधिकाशो द्वारा तो रात के समय ही स्नान कर लिये गये थें तो कुछ लोगों द्वारा वहां पर विश्राम करते हुये नर्मदाजी के तट पर भजन कीर्तन करते हुये देखा गया और जब सूर्य उदय हुआ तो इसके बाद डुबकी लगाते हुये पुण्य लाभ अर्जित किया। इस प्रकार का हाल नर्मदाज के सिर्फ एक ही घाट का नही बल्कि झिकोली, शोकलपुर, ककराघाट, थरेरी, कोठिया घाट, घघरौला खुर्द, लिंगा खुर्द सहित लगभग सभी घाटों पर भीड़ का आलम देखने मिला।

# धूमधाम के साथ निकाला गया धूनी नगरी सांईखेड़ा माँ काली का विसर्जन जुलूस







सांईखेड़ा

*नवरात्र के दौरान जहां तहां स्थापित की गई मातारानी की प्रतिमाओं के विसर्जन का जो शिलशिला शुरू हुआ वही तो पूरा हो चुका है। मगर हर साल देखा जाता है कि दादा धूनीवालों की नगरी सांईखेड़ा में स्थापित होने वाली माँ काली की प्रतिमा का विसर्जन शरद पूर्णिमा के मौके पर किया जाता है। वर्षो से चली आ रही इसी परम्परा के चलते बीते हुये गुरूवार यानि की शरद पूर्णिमा के मौके पर नगर में बडे ही भव्यता के साथ माँ काली का विसर्जन जूलूस निकाला गया। बताया जाता है कि माता काली के दर्शन करने के लिये जहां नगर की सड़को पर लोगों की भीड़ का आलम यह बना हुआ था कि पैर रखने के लिये जगह नही मिल रही थी। वही दूसरी ओर व्यवस्थाये बनाने के लिये थाना प्रभारी प्रकाश पाठक अपनी टीम के साथ लगातार जुटे हुये दिखाई दे रहे थें। वही दूसरी ओर गुरूवार को जिस तरह लोगों ने नगर में स्थापित माँ महाकाली की प्रतिमा को जिस तरह से विदाई दी गई वह निश्चित तौर से आंखों में आंसू लाने से नही चूक रही थी। ज्ञात हो कि हर साल दादा धनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में स्थापित होने वाली माँ काली की प्रतिमा संपूर्ण क्षेत्र में आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर दर्शन के लिये अनेक राजनेताओं से लेकर क्षेत्र की जनता का प्रतिदिन हुजूम उमड़ते हुये दिखाई देने से नही चूक रहा था। वही जब माता रानी के विसर्जन की बेला नजदीक आई तो नगर सांईखेड़ा ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्र के लोगों में मासूसी का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा था। वही दूसरी ओर बताया जाता है कि महाकाली का विसर्जन जूलूस जिस भव्यता व अनुशासन के साथ निकाला तो पूरे नगर व क्षेत्र के लोगों ने अपनी आंखों में आंसू झलकाते हुये मातारानी को विदाई देते हुये देखा गया। इस तरह नवरात्रि के पावन पर्व पर नगर में स्थापित महकाली को विदाई देने के लिये नगर के आलवा दूर दूर के गांवों के लोग पहुंचे थें। वही दूसरी ओर इस दौरान बाहर से आये हुये कलाकारों द्वारा जिस तरह माता काली सहित अन्य तरह के रूप धारण करते हुये जिस तरह प्रस्तुति दी गई वह आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पा रही थी। वही यह विसर्जन जुलूस जब नगर की गलियों से निकलना तो जगह जगह स्वागत के साथ साथ माता रानी की लोगों द्वारा पूजन अर्चन करते हुये आरती कर आर्शीवाद ग्रहण किया गया।*

# पड़ोसी ने अपने ही पडोसी की आधी रात को लाठियों से पीट कर की हत्या, पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

गाडरवारा।



अक्सर देखा जाता है कि जब लोगों के दिलों में पुरानी रंजिश घर कर जाती है तो वह बड़ा रूप धारण करने से नही चूकती है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले सिहोरा पुलिस चौकी के ग्राम टेकापार में देखने मिली जहां पर दो पडौसियों के बीच पुरानी रंजिश के चलते मामला हत्या के रूप में सामने उभरकर आने से नही चूक पाया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम टेकापार में गोविंद पिता घनश्याम रजक उम्र 48 वर्ष तथा उसके ही पडौस में रहने वाले बुद्वे सिंह पिता बडेवीर धानक उम्र 30 के बीच किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी के चलते बीते हुये 17 अक्टूबर की रात लगभग 12.10 बजे गोविंद रजक अपने घर के पास बने हुये शंकर मंदिर के पास किसी काम से गया हुआ था तो उसी दौरान बुद्वे सिंह धानक द्वारा अचानक उसके ऊपर लाठी रूपी डंडा से बार करते हुये जमीन पर गिरा दिया और जब तक मारपीट करता रहा तब तक गोविंद की मौत नही हो गई। इसके बाद आरोपी द्वारा खुद की मृतक के शव पर कम्बल डालने के बाद वहां से अपने घर को चला गया। इस तरह घटित हुई घटना की जानकारी जब सिहोरा चौकी पुलिस को लगी तो चौकी प्रभारी विजय पाल सिंह घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस तरह क्षेत्र में काफी लम्ब अंतराल के बाद हत्या जैसा घटना सामने आने पर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी भी सूचना के उपरांत अपने बल के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर लाश को पोस्ट मार्टम हेतु भेजा गया। वही आरोपी के फरार होने की संभावना के चलते जहां तहां खोजबीन करना शुरू की गई। इस तरह क्षेत्र में घटित हुई घटना के चलते ग्राम टेकापार सहित आस पास के इलाकों में सनसनी का महौल दिखाई देने लगा है। वही समाचार लिखे जाने तक जानकारी मिली है कि पुलिस ने आरोपी को अपना हिरासत में ले लिया गया है? आखिरकार दो पडौसियों के बीच इस तरह की कौन सी बात को लेकर रंजिश चल रही थी जो हत्या के रूप में सामने उभरकर आने से नही चूक पाई है। इस बात की सच्चाई का पता तो पुलिस द्वारा खुलासा किये जाने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

# महार्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर युवाओं ने रक्तदान करते हुये दिया अनोखा संदेश

गाडरवारा



भगवान राम के जन्म से पूर्व रामायण के रचना करने वाले आदि कवि भगवान महर्षि बाल्मीकि जी के प्रकोटत्सव पर के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश महर्षि बाल्मीकि समाज सेवा संगठन गाडरवारा व अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा एवं समस्त बाल्मीकि बन्धुओ द्वारा बाल्मीकि प्रकोट उत्सव बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सामाजिक बंधुओं द्वारा नगर के सिविल हॉस्पिटल मे खिचड़ी व फल वितरण किया गया एवं बाल्मीकि समाज के युवाओ द्वारा रक्तदान करते हुये लोगों को रक्तदान के लिये जागरूक किया गया। क्योंकि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान निश्चित तौर से किसी के जीवन को बचाने में मददगार होता है। वही लोगों को इस बात से भी जागरूक किया गया कि रक्तदान करने के बाद न तो कभी किसी को कोई कमजोरी आती है और न ही किसी तरह की कोई परेशानी होती है। यह बात जरूर है कि उनके द्वारा किया गया रक्तदान किसी के बेटा, किसी के भाई तो किसी के पति की जान को बचाने मे मददगार साबित हो सकता है। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष सिवाकांत मिश्रा के आलवा समाज सेवी मिनेंद्र डागा, सतीश कौरव सहित वाल्मीकि समाज अध्यक्ष विवेक घारु, अजय घारु, प्रशांत वाल्मीकि, कपिल घारु, अनूप घारु के आलवा अन्य लोग मौजूद थें।

# आटो चालक आमजन की जिन्दगी को डाल रहे खतरे में, प्रशासन की चुप्पी से हो रहे हौसले बुलंद





**गाडरवारा।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शहर से लेकर बाहरी मार्गो पर दो पाहिनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये जरूर देखा जाता है। इस कार्यवाही के चलते निश्चित ही लोगों की मनमानी पर अंकुश लगता है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आटों चालकों द्वारा की जाने वाली मनमानी को नजर अंदाज क्यों किया जा रहा है जो खुलेआम अपने आटों में ओबर लोडिंग करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शहर के अंदर आटों चालकों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह चार यात्रियों की क्षमता के साथ सबारी ढोने की अनुमति के बीच अपने आटों में दस दस सबारी भेड बकरी की तरह भरते हुये पुलिस थाने के सामने से फर्राटे मारते हुये खुलेआम निकलने के बाद भी कार्यवाही न होना निश्चित तौर से आटों चालकों की मनमानी पर उनके हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है? मामला यहां तक ही सीमित नही रह गया है इन आटों चालकों की मनमानी का दूसरा उदाहरण नगर के रेलवे स्टेशन से शहर की ओर आने वाले मार्ग पर लगी हुइ चाय पान दुकानों के सामने उस समय देखने मिलता है जब आटों चालक अपने आटों को मुख्य मार्ग पर खड़ा करते हुये चाय पान दुकानों पर खड़े होकर गप्पे मारते हुये देखे जाते है और इस स्थिति में आम लोगों के लिये आने जाने में परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही शहर के अंदर का हाल तो इस तरह होता है कि आटों चालक अपने सबारियों को बैठाने या फिर उतारने के लिये सड़क पर चलते चलते अचानक कही भी रोकने से नही चूकते है। इस स्थिति में जब आटों के पीछे कोई वाहन जा रहा होता है और अचानक इन आटों के मुख्य मार्ग पर रोक देने की स्थिति में आटों के पीछे चलने वाला वाहन दुर्घटना ग्रिस्त होने से नही चूक पाता है? जबकि नियम के अनुसार जब कही कोई सबारी बैठाना या फिर उतारना होता है तो आटों को सड़क किनारे खड़ा करना चाहिये मगर इन आटों चालकों की मनमानी इस तरह से देखने मिल रही है कि वह खुलेआम सड़क के बीचों बीच अचानक आटों को रोकते हुये लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। इस संबंध में जब आटो चालक संघ के अध्यक्ष अमित दुबे से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आटों चालकों द्वारा ओबर लोड़गि सबारियाँ भरने के साथ इस तरह सड़को के बीचों बीच की जाने वाली मनमानी को लेकर अनेकोबार अधिकारियों को आवेदन देते हुये कार्यवाही की मांग की जा चुकी है। मगर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि आटों चालक अपनी मनमानी पर उतारू हो रहे है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब आटों चालक संघ अध्यक्ष द्वारा खुद ही आटों चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिये कार्यवाही की मांग करने से नही चूक रहे है इसके बाद भी प्रशासन द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज करने का मलतब है कि अधिकारी खुद ही सड़क दुघर्टनाओं का बढ़ावा देने की सोच रखे हुये प्रतीत होने से नही चूक रहे है।

# अप डाउन संस्कृति पर नहीं लग पा रही रोक, स्वास्थ्य विभाग से लेकर अन्य शासकीय योजनाएं हो रहे फेल

सांईखेड़ा



ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय है उनमें चंद अधिकारियों कर्मचारियों को छोड़ दिया जावे तो अनेक अधिकारी ऐसे है जो अप डाउन संस्कृति को न अपनाये हुये हो...? बताया जाता है कि नगर के स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर अन्य सरकारी कार्यालायो में पदस्थ अनेक अधिकारी कर्मचारियों की अप डाऊन संस्कृति के चलते शासन की योजनाए फैल होती जा रही है। यहां पर अनेक विभागो के कार्यालयों में पदस्थ प्रमुख अधिकारियो से लेकर छोटे छोटे कर्मचारी तक अप डाउन करते हुए अपनी डियूटी जिस प्रकार से निभा रहे है कि लोग अपनी कार्यो के लिए उनका इंतजार करते हुए देखे जाते है। इतना ही नही यहां के प्रमुख ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय व स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों सहित अन्य शासकीय कार्योलयों का यही हाल चल रहा है और ऐसा कई सालो से चलता आ रहा है । मगर जिम्मेदारों के द्वारा कोई कार्यवाही न होने के कारण अधिकारी अपनी मनमानी से कार्य करते आ रहे है कि जब मन करें आ जाते है जब मन करे तब चले जाते है कोई रोकने वाली नही है? जबकि गौर किया जावे तो इस समय चुनावी बेला के चलते जिला कलेक्टर द्वारा सभी सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों को अपना मुख्यालय छोडने पर रोक लगाई गई है। मगर इसका असर यहां के अधिकारियों नही पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग की हालत तो यह बनी हुई है कि यहां के प्रमुख अधिसकारी अपना मुख्यालय छोड़कर लगभग 25 किलो मीटर दूर अपने घर में मरीजों का उपचार करने से नही चूक रहे है और क्षेत्र के मरीज इलाज के आभाव में भटकते हुये देखे जातो है? यह बात जरूर है कि यदि ऐसा कोई छोटा कर्मचारी करे तो नोटिस जारी होने लगते है। लेकिन जो उस विभाग का मुखिया होता है उस पर कार्यवाही करने वाला कोई नही रहता, इस प्रकार से शासकीय कार्यालयों में चल रही मनमानी को लेकर आज तक कोई भी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा इस अप डाउन संस्कृति पर अपनाने वाले अधिकारियो पर अंकुश नही लगा पा रहे है? जिसके कारण अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जो समय निश्चित है उस समय पर न तो वह कार्यालय पहुंच पाते है और न ही लोगों की समस्याओं को सुना जाता है? जिसके कारण आम जनता की समस्या का हल नही निकलता व शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जाती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को शुरू किया गया जनसुनवाई कार्यक्रम भी अधिकारियो को याद नही रहता है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शायद ही ब्लाक मुख्यालय सहित नगर के किसी भी शासकीय कार्यालय में आज तक जन सुनवाई होते हुये देखी गई हो? शासन द्वारा चलाई जाने वाली जनसुनवाई को लेकर जब आमजन अपनी परेशानी लेकर पहुंचते है तो वहां पर अधिकारी गायब नगर आते है। अगर कोई उस कार्यालय में मौके पर उपस्थित किसी चपरासी से पूछे तो वह भी यही कह देता है कि जनसुनवाई का कोई औचित्य नही रह गया है? साहब को सप्ताह के अन्य दिन वैसे ही मंगलवार का रहता है, साहब उसी समय पर आयेगे जिस समय ट्रेन आएगी, साहब भी बेचारे क्या करे वह तो आना चाहते है पर ट्रेन लेट हो जाती है जिस कारण साहब समय पर आफिस नही पहुंच पाते है जब ट्रेन गाडरवारा आयेगी और फिर साहब यहां आवेगे अब जामें कार्य प्रभावित होते है तो होते रहे अब अपने परिवार थोड़ी छोड़ देवे? शासकीय कार्यालयों की इस सच्चाई को लेकर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि अगर शासन प्रशासन को शासन की योजनाओ को जन जन तक लाभ पहुंचना है तो सबसे पहले शासकीय कार्यालयों में पदस्थ जिम्मेदारों की अप डाउन संस्कृति पर रोक लगाना होगा?






# जिला चिकित्सालय से आक्सीजन प्लांट की पाईप लाईन हो गई चोरी

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी-** जिला चिकित्सालय परिसर में स्थापित किए गए ऑक्सीजन प्लांट की पाइप लाइन चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। ऑक्सीजन प्लांट से पाइप लाइन निकलते समय दो लोग भी सीसीटीवी कमरे में कैद भी हो गए है। जिला चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा इस संबंध में कोतवाली थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कर दी गई है। साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी कोतवाली पुलिस को सौंपे गए हैं।



पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है। गौतलब है कि जिला चिकित्सालय परिसर में कोरोना काल में दो ऑक्सीजन प्लांट स्थापित किए गए हैं। छोटे ऑक्सीजन प्लांट से पाइप लाइन एसएनसीयू ,पीआईसीयू एवं आईसीयू वार्ड में ऑक्सीजन की सप्लाई होती है। वर्तमान में इस प्लांट से सप्लाई तो बंद है लेकिन परिसर में स्थापित बड़े प्लांट से ऑक्सीजन की सप्लाई वार्डों में की जा रही है। जानकारों की माने तो ऑक्सीजन पाइप लाइन का पाइप तांबा धातु का बना होता है जिससे बाजार में इसकी कीमत अधिक मिलती है। संभावना जताई जा रही है कि जो व्यक्ति सीसीटीवी में कैद हुए हैं वे पाइप लाइन चुराकर बाजार में बेचकर उस रकम का उपयोग अपने शौक पूरा करने में करते हैं। जिला चिकित्सालय के प्रबंधक योगेश उईके ने बताया कि 13 अक्टूबर को भी पाइपलाइन चोरी हुई थी। इसके बाद 16 अक्टूबर को दोबारा पाइपलाइन चोरी होने की घटना सामने आई है। पाइपलाइन चोरी होने से लगभग एक लाख से अधिक का नुकसान होना बताया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### तेजस्वी भारत के पुनर्निर्माण का ध्येय को लेकर राष्ट्र सेविका समिति कार्यरत

डिण्डौरी- राष्ट्र सेविका समिति डिण्डौरी का विजयादशमी उत्सव शस्त्र, शास्त्र पूजा एवम राष्ट्र सेविका समिति का स्थापना दिवस कार्यक्रम परंपरागत उल्लास एवम उत्साह के साथ आयोजित किया जा गया। नगर की बहनों की गरिमामयी उपस्थिति एवं राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका एवं जानीं - मानीं लेखिका श्रीमती त्रिवेणी मिश्रा जी का मुख्य आतिथ्य एवं सानिध्य प्राप्त हुआ । श्रीमती मिश्रा ने कहा महिला शक्ति एक स्वरूपा मां हैं और इस मां की शक्ति का उपयोग से समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर सकती है।मुख्य वक्ता मण्डला विभाग कार्यवाहिका श्रीमती शिखा राय ने अपने उद्बोधन में कहा "तेजस्वी भारत के पुनर्निर्माण के ध्येय को लेकर संगठन सतत कर्म पथ पर अग्रसर है " स्वा आधारित चिंतन और मूल भारतीय जीवन दर्शन तरुण पीढ़ी को मार्गदर्शिका है। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस समारोह में सेविकाओं ने सामूहिक योग का प्रदर्शन, सुभाषित, गीत, प्रार्थना और वंदेमातरम का गायन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती संतोषी सोनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की बहनें और नगर से अधिक संख्या में बहनों की उपस्थिति रही।

### चचेरे भाई ने किया मारपीट , मामला दर्ज

**डिण्डौरी** - कोतवाली थाना अंतर्गत चांदपुर में बुधवार सुबह लगभग 8 बजे आपसी विवाद में चचेरे भाई पर लकडी से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में षिकायत दर्ज कराया है। षिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। फरियादी सुखदेन हरदहा पिता मनबोधी हरदहा उम्र 42 साल निवासी चांदपुर ने पुलिस को बतलाया कि मेरा एवं मेरे बडे पिता का लडका दोनों अलग मकान में अपने परिवार के साथ रहते है लेकिन दोनों का आगंन एक ही है। बुधवार सुबह जब वह मवेषियों के लिए घांस लेकर लौटा तो बडे भाई पूरन हरदहा की पत्नि मधु और मेरी पत्नि पप्पी बाई एक दूसरे से विवाद कर रहे थे तो मैने उन्हे विवाद करने से मना किया तभी बडा भाई पूरन गाली गलौच करते हुए उसके पास आया और हांथ में रखी लकडी से उसकी कमर में हमला कर दिया । तब मेरी पत्नि ने बीच बचाव किया है जाते हुए पूरन हरदहा ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

### आज होगा रोजगार मेला का आयोजन

**डिंडौरी-** जिला रोजगार कार्यालय डिण्डौरी में आज जिला रोजगार कार्यालय परिसर रेस्ट हाउस के नीचें प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

शासकीय राशि में हेरफेर और कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप

# ग्राम पंचायत दुहनिया और रयपुरा सचिव निलंबित

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी-** जनपद पंचायत डिण्डौरी अंतर्गत ग्राम पंचायत दुहनिया और ग्राम पंचायत रयपुरा के सचिव पर शासकीय राषि में वित्तीय अनियमितता और कार्य में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डिण्डौरी ने निलंबन की कार्यवाई की है। कार्यालय जिला पंचायत डिण्डौरी से16.10.2024 को जारी किये गये निलंबन आदेष के बाद सचिव ग्राम पंचायत दुहनिया उदयंसिह मालवे और सचिव ग्राम पंचायत रयपुरा इन्द्रंसिह सरौते को जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी ओर निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत डिण्डौरी निर्धारित किया गया है।

### ग्राम पंचायत दुहनिया में अनियमितता -

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिण्डौरी के प्रस्ताव 4 अगस्त 2023 जनपद स्तरीय जांच दल के द्वारा 20.जुलाई 2023 को प्राप्त षिकायत की जांच प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत दुहनिया में निर्वाचन उपरांत 14 अगस्त 2022 से 1 जुलाई 2023 तक विभिन्न योजनाओं के तहत कराये गये निर्माण कार्यो में राषि का ई-ग्राम स्वराज पोर्टल के माध्यम से व्यय किया गया है। जिसमें जांच दौरान मिलान कराये गये मूल्यांकन के आधार पर 15वें वित्त आयोग के स्वच्छता मद में जिसमें नाडेप एवं लीजपिट का निर्माण कार्य में राषि 1027280 रूपये व्यय किया गया जबकि मूल्यांकन 520428 शेष राषि 506832 रूपये अधिक व्यय किया गया । इसी प्रकार स्वच्छता परिषर में कुल व्यय 539546 रूपये मूल्यांकन 395000 होता है जिसमें 144546 अधिक व्यय किया गया । इसी प्रकार आकस्मिक अन्य व्यय में राषि 542916 रूपये आय एवं व्यय में प्रावधानिक अनुसार आकस्मिक व्यय साढे सात प्रतिषत का है। इसी तरह पांचवे वित्त आयोग के दिषा निर्देष एंवं 14वें वित्त आयोग के आकस्मिक व्यय के अनुपात में व्यय किया गया है। 5वें एवं 14वें वित्त आयोग मद से भवन मरम्मत 108000 व्यय प्रावधानित अनुसार किया गया है । पेयजलय में 424500 व्यय किया गया है । जोकि 15वें वित्त के मद के एवं 5वें एवं 14वें वित्त आयोग के प्रावधान अनुसार व्यय किया गया है । लेकिन कार्य की नस्ती नही प्राप्त नही हुई है। इसी तरह जांच में पाया गया शौचालय निर्माण कार्य में 62160 रूपये का व्यय किया गया जो कि अनुपातिक व्यय है। जांच दल द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है 15वें वित्त आयोग के स्वच्छता मद जिसमें नाडेप एवं लीचपिट निर्माण कार्य में राषि 506832 रूपये , स्वच्छता परिसर में 144546 रूपये अधिक व्यय किया गया है जो वसूली योग्य है। रोकड वही एवं बैंक स्टेटमेंट में राषि 362264 रूपये का मिलान नही हो पा रहा है और व्यय राषि का उल्लेख प्रदर्षित नही है। जिससे प्रथम दृष्टया 1013642 रूपये नियम विरूद्ध तरीके से आहरण कर वित्तीय अनियमितता किया जाना पाया गया । परिणाम स्वरूप उक्त सकल राषि में से 506821 उदयसिंह मालवे सचिव ग्राम पंचायत दुहनिया से वसूली योग्य है।

### रयपुरा सचिव पर कार्य में लापरवाही -

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिण्डौरी द्वारा जिला पंचायत को प्रेषित पत्र में लेख किया गया है कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुविभाग डिण्डौरी के पत्र क्रमांक 976 दिनांक 30.09.2024 के द्वारा दिनांक 03.10.2024 को ग्राम पंचायत रयपुरा के पोषक ग्राम रयपुरा रैयत में ग्राम सभा आयोजित किये जाने निर्देष दिये गये थे लेकिन सचिव इन्द्रंसिह सरौते द्वारा ग्राम सभा में उपस्थिति नही दी गई थी ग्राम सभा आयोजन में सेक्टर प्रभारी जोनाथन कैल्सी सहायक विकास विस्तार अधिकारी के द्वारा दूरभाष से संपर्क भी स्थापित किया गया था । लेकिन श्री सरौते द्वारा रिसीव नही किया गया था इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिण्डौरी द्वारा भ्रमण के दौरान पाया गया कि ग्राम सभा आयोजित नही की गई । इसके अलावा ग्राम पंचायत रयपुरा में पीएम जनमन योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी भी वर्तमान तक सचिव द्वारा उपलब्ध नही करायी गई , प्रभारी मंत्री श्रीमति प्रतिमा बागरी का 3 अक्टूबर 2024 को जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायतों में दौरा कार्यक्रम नियत किया गया था जिसकी पूर्व सूचना सचिव इन्द्रसिंह सरौते को दी गई थी लेकिन निर्देषों की अव्हेलना करते हुए उक्त तिथि में मुख्यालय ग्राम पंचायत कार्यालय रयपुरा से अनाधिकृत तौर पर अनुपस्थित रहे । उक्त कृत्यों को दृष्टिगत रखते हुए कार्यालय जिला पंचायत डिण्डौरी द्वारा 4 अक्टूबर 2024 को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया था लेकिन इन्द्रसिंह सरौते द्वारा प्रस्तुत जबाव समाधान कारक नही है। इन्द्रसिंह सरौते ग्राम पंचायत रयपुरा के पदीयदायित्वो के निर्वहन में की गई लापरवाही एंव वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा दिये गये आदेष / निर्देषों की अव्हेलना किया जाना म.प्र.पंचायत सेवा नियम 2011 नियम 7 के उल्लघन एवं कदाचरण की श्रेणी में आता है। तत संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डिण्डौरी के प्रस्ताव के आधार पर इन्द्रसिंह सरौते सचिव को निलंबित किया गया ।

# डॉक्टर के विरुद्ध दुराचार का मामला दर्ज, आरोपी फरार

**सोशल मीडिया पर हुई थी पहचान**

**डिंडोरी**। जिले के रहने वाली एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने डॉक्टर के विरुद्ध दुराचार का मामला दर्ज किया है।आरोपी शहडोल जिला के बुढ़ार में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ है।जो मामला दर्ज होने की भनक मिलते ही फरार हो गया है।जिसे पुलिस तलाश कर रही है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक दौनो की पहचान सोशल मीडिया पर हुई थी।इस दौरान आरोपी ने युवती से प्रेम का इजहार करके शादी का प्रलोभन दिया था और लगातार शारीरिक शोषण करता रहा।लेकिन कुछ दिनों बाद आरोपी चिकित्सक ने युवती की जाति का ताना देकर शादी से इंकार कर दिया और धमकी देने लगा।जिससे आहत युवती की शिकायत पर महिला थाना में धारा 376, 376(2)(एन) 506, 3(2) (व्ही) 3(1) (डब्ल्यु।।) एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करके करंजिया पुलिस को विवेचना सौंपी गई है।प्रथमिकी के मुताबिक आरोपी डॉक्टर जितेंद्र पटेल से उसकी पहचान वर्ष 2021 में सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। इसके बाद वह मुझसे दोस्ती करने की बात करने लगा। कुछ दिनों बाद उसने कहा कि वह मुझसे प्यार करने लगा है और शादी करेगा। मैं उसके झांसे में आ गई। सबसे पहले 23 अप्रैल 2021 को वह मुझे घुमाने के नाम पर करंजिया से अमरकंटक ले जाने की बात कहकर अपने साथ ले गया। जहां रास्ते में करंजिया के जंगल में उसने शादी करने का झांसा देकर शाम करीब 6 बजे मेरे साथ दुराचार किया। इसके बाद इसी तरह रीवा एवं बुढार में भी मेरे साथ कई बार दुराचार किया और अंत में मुझे निम्न जाति बताकर शादी से इनकार कर दिया। युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी डॉक्टर लगातार मुझे शादी का झांसा देकर मेरी आबरू लूटता रहा। आखिर में इस वर्ष फरवरी 2024 में जब मैंने उस पर शादी का दबाव डाला तो उसने मुझे जातिगत रूप से अपमानित करते हुए जातिसूचक शब्द कहे। उसने मुझे धमकाते हुए कहा कि अगर मैंने इस बात को किसी को बताया, तो वह मुझे मार डालेगा।

# चलती बाइक में लगी आगः मौजूद लोगो ने आग बुझाई, जलती बाइक को देखने उमड़ा हुजूम



**डिंडोरी**। बुधवार की दोपहर अवंती बाई चैक में एक बाइक में आग लग गई।जलती बाइक को देखने लोगो का जमावड़ा लग गया।जिससे ट्राफिक जाम हो गया।मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ने मोर्चा संभाला।स्थानीय लोगो की मदद से आग बुझाई गई।

### धुआं निकला तो युवक ने खड़ी कर दी बाइक-

डिंडोरी निवासी ऋषभ गुप्ता बिना नंबर की पल्सर बाइक से जा रहा था।जैसे ही वह अवंती बाई चैक के पास पहुंचा तो बाइक से धुआं निकलने लगा।उसने बाइक खड़ी कर दी ,जैसे ही बुझाने के लिए पानी लाया ,तो आग भड़क गई।जलती बाइक को देखने लोगो की भीड़ जमा हो गई।सिटी कोतवाली पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाया।इस मामले में कोतवाली निरीक्षक गिरवर उईके का कहना है कि बिना नंबर की बाइक है उसके दस्तावेज चेक किए जा रहे है।

### कुरियर का काम करता है ऋषभ-

जानकारी के अनुसार ऋषभ गुप्ता मधुर कुरियर सहित अन्य काम करता है।आज भी वह डिलेवरी देने के लिए निकला था।

# सामुदायिक सुविधा घर के सामने से अतिक्रमण हटाने की मांग

**हरिभूमि न्यूज डिण्डौरी** - जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मानिकपुर में समनापुर बोंदर मार्ग के किनारे ग्राम पंचायत द्वारा सामुदायिक सुविधा घर का विगत दो वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया लेकिन सुविधा घर के सामने अतिक्रमण कर दुकान संचालित की जा रही है। जिससे ग्रामींणों को सुविधा घर तक पहुंचने में परेषानी पेष आ रही है। इसकी षिकायत ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव सहित ग्रामवासियों ने कलेक्टर , अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं नायब तहसीलदार वृत्त समनापुर को भी की थी लेकिन कार्यवाई नही हुई । विगत दिन ग्राम पंचायत के सरपंच और ग्रामीणों ने कलेक्टर से पुनः षिकायत करते हुए अतिक्रमण हटाये जाने की मांग की है। षिकायत में बतलाया गया कि ग्रामवासियों और राहगीरों सहित परिक्रमावासियों की परेषानी के मद्देनजर मुख्य मार्ग के किनारे सुविधा घर का निर्माण कराया गया लेकिन अंडा मुर्गा एवं हेयर सैलून के दुकान संचालक द्वारा अतिक्रमण कर सुविधा घर के सामने सटाकर दुकान का निर्माण कर संचालन किया जा रहा है जिससे परेषानी पेष आ रही है। अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्राम पंचायत द्वारा अनेकोबार नोटिस भी जारी किया जा चुका है लेकिन अतिक्रमण नही हटाया जा रहा है। साथ ही एक माह पूर्व तहसीलदार के मानिकपुर प्रवास के दौरान भी षिकायत दर्ज करायी गई थी तब तहसीलदार ने पटवारी से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाई के निर्देष दिये थे लेकिन अतिक्रमण नही हटाया गया । आलम यह है कि सुविधा घर के सामने सटाकर दुकान संचालित करने से ग्रामीणों को परेषानी पेष आ रही है। खासतौर पर महिलाओं को ।

## कृषि तकनीकी पखवाड़े का आयोजन कर कृषकों की दी जा रही जानकारी



डिंडौरी- खरीफ सीजन 2024-25 समाप्ति की ओर है एवं रबी सीजन की तैयारी कृषकों द्वारा प्रारंभ की जा चुकी है। कृषकों को अधिक से अधिक विभागीय योजनाओं की जानकारी देने एवं रवी सीजन की तैयारी की उद्देश्य से विकासखण्डवार, ग्रामवार कृषि तकनीकी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। विगत दिनों में विकासखण्ड मेंहदवानी के ग्राम परापानी, भुरखा, खम्हरिया, राघोपुर, पण्डरीटोला, बहादुर, गुझियारी, विकासखण्ड करंजिया के ग्राम बरनई, रूसा, करंजिया, रैतवार, मेढ़ाखार विकासखण्ड शहपुरा के ग्राम अमेरा, बड़झर, कोहानी देवरी, गुरैया, बरगांव, बिजौरी में एवं इसी तरह अन्य विकासखण्डों में भी कृषि पखवाड़े का आयोजन किया गया है। आयोजित पखवाड़े में कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा कृषकों के साथ रबी की तैयारी जैसे- बीजोपचार, कीटव्याधी से रोकथाम, संतुलित उर्वरकों का उपयोग इत्यादि जानकारी साझा की गयी। धान के साथ-साथ अब न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सोयाबीन फसल का भी उपार्जन किया जाएगा, इन फसलों के उपार्जन हेतु अधिक से अधिक पंजीयन कराने के लिये कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है। फसलों की अधिक पैदावार हेतु डीएपी उर्वरक के स्थान पर कॉम्पलेक्स उर्वरक एवं सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करने हेतु जानकारी प्रदाय की जा रही है।



# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीएलसीसी की बैठक

डिंडौरी- कलेक्टर हर्ष सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी की बैठक ली। उन्होंने आजीविका के तहत किये जा रहे कार्यों और बैंकवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि बैंक अन्य विभागों के साथ समन्वय से कार्य करें। उन्होंने एनआरएलएम, एनयूएलएम, पीएमईजीपी, एमयूकेवाई सहित अन्य ऋण संबंधी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की। कलेक्टर हर्ष सिंह ने बैंको के लक्ष्य, संवितरण आदि की जानकारी प्राप्त कर स्व-सहायता समूह के लिए संचालित ऋण योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने स्व-सहायता समूह को दिये जाने वाले ऋणों को विभिन्न बैंकों में भार वितरित कर प्रदान करने के निर्देश दिए। स्व-सहायता समूह के लिए अलग- अलग बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा आपसी सहमति से लंबित कार्यों को निपटान करने की योजना तैयार करें। स्वीकृत ऋणों की वस्तुस्थिति समझने के लिए स्व-सहायता समूह की कार्यविधि से यह सुनिश्चित करें कि कार्यों का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है। उन्होंने कहा कि केवल लक्ष्य प्राप्ति उद्येश्य न होकर गुणवत्तायुक्त कार्य करना प्राथमिकता में हो। उक्त बैठक में सीइओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ. संतोष शुक्ला, एलडीएम रविशंकर सिंह, जिला प्रबंधक एनआरएलएम जे.एस. पट्टा सहित सभी विभागीय अधिकारी एवं बैंकर्स उपस्थित रहे।

# शासकीय राशन की हेराफेरी करने वाले 4 विक्रेताओं के विरुद्ध एफआईआर

**लैम्प्स समिति हर्रा (खरगहना) के 4 विक्रेताओं पर धारा 409 के तहत मामला दर्ज**

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी:** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जनपद बजाग शेख शमीम खान ने शासकीय उचित मूल्य की दुकान खरगहना की जाँच 17.02.2023 को की,जिसमें जांच के समय POS मशीन में एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक के सत्यापन में 231.39 क्विटलं चावल, 1.78 क्विटल गेंहू कम पाया गया तथा विक्रेता गंगाराम द्वारा की खाद्यान्न की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित होना पाया गया एवं उसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 936883/- रूपये है ।

शासकीय उचित मूल्य दुकान कारोपानी की जांच 27.07.2023 को की गई, जिसमें POS मशीन में एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक के सत्यापन में शासकीय उचित मूल्य की दुकान कारोपानी के विक्रेता सचिन मरावी द्वारा 33.90 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल, फोर्टिफाईड नमक 7.36 क्विटलं, शक्कर 0.26 क्विटलं तथा 9.2 क्विटलं गेंहू की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया जाना पाया गया, जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 170760/- रूपये है तथा इसी दूकान के पूर्व विक्रेता अल्का मरावी द्वारा 177.14 क्विटलं चावल, मूंग 0.90 क्विटलं, शक्कर 0.10 क्विटलं तथा 21.66 क्विटलं गेंहू की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया गया,जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 781681/- रूपये है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान पिण्डरूखी की जांच 27.07.2023 को की गई,जिसकी जांच में POS मशीन में एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक के सत्यापन में 708.96 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल तथा 15.44 क्विटलं गेंहू एवं मूग 1.20 कम पाया गया तथा विक्रेता कुमारी अल्का मरावी द्वारा उक्त मात्रा की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया जाना पाया गया, जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 2897717/- रूपये है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान गीधा की जांच 28.07.2023 को की गई, जिसकी जांच में POS मशीन में एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक के सत्यापन में 37.48 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल , नमक 0.64 क्विंटल , 7.78 क्विटलं गेंहू कम पाया गया तथा विक्रेता सचिन मरावी द्वारा उक्त मात्रा की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया जाना पाया गया, जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 172856/- रूपये है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान कौड़ियि की जांच 28.07.2023 को की गई, जिसकी जांच में POS मशीन में एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक के सत्यापन में 91.15 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल , नमक 6.82 क्विंटल , 0.16 क्विटलं शक्कर तथा 8.90 क्विंटल गेंहू कम पाया गया तथा विक्रेता घनश्याम मरावी द्वारा उक्त मात्रा की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया जाना पाया गया है जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 423680 /- रूपये है।

शासकीय उचित मूल्य दुकान बिझोरी की जांच 05.08.2023 को की गई, जिसकी जांच में POS मशीन में एवं भौतिक सत्यापन में पाए गए स्टॉक के सत्यापन में 108.81 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल , नमक 0.78 क्विंटल , 0.27 क्विटलं शक्कर कम पाया गया तथा विक्रेता कुमारी अल्का मरावी द्वारा उक्त मात्रा की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया जाना पाया गया, जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 440189 /- रूपये है,इसी दूकान पर तत्कालीन विक्रेता गंगाराम द्वारा 130.69 क्विटलं फोर्टिफाईड चावल , नमक 6.65 क्विंटल ,32.99 क्विटलं गेहू कम पाया गया तथा उक्त मात्रा की हेरा फेरी कर अवैध लाभ अर्जित किया जाना पाया गया है, जिसकी बाजार मूल्य दर पर कुल राशि 623598 /- रूपये है इस प्रकार कुल राशि 1063787/- रूपये है।

इस प्रकार जनपद बजाग में संचालित बहुउद्देशीय कृषि साख समिति मर्यादित हर्रा(खरगहना) के तहत संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान खरगहना 3904025, कारोपानी 3904027 , पिंडरुखी 3904028, गीधा 3904029 , कौड़यिा 3904042 एवं बिझोरी 3904026 के विक्रेताओ के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित होने वाले खाद्यान्न , शक्कर , नमक आदि को उपभोक्ताओं को वितरित न किया जाकर अनुचित लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से खाद्यान्न की कालाबाजारी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए दुकानों को निरस्त किया गया एवं समस्त 6 उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओ के 04 विक्रेताओ के विरुद्ध FIR रिपोर्ट थाना गाडासरई में 15 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर 2024 को अपराध क्रमांक 285 , 291, 292 , 293 एवं 294 के द्वारा धारा 409 एवं 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### युवक ने साड़ी से लटककर लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत आने वाले निरंजन वार्ड निवासी 25 वर्षीय युवक नीतेश पिता परषोत्तम यादव ने अपने घर में बीते बुधवार की दोपहर को साड़ी से लटककर फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई वहीं परिजनों ने जब उसे फांसी की फंदे पर लटका देखा तो कोतवाली थाना पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर शव को नीचे उतरा गया और उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं कोतवाली थाना पुलिस ने मर्ग प्रकरण कायम कर मामले की जांच में जुटी है।

### युवक ने किया जहरीली दवा का सेवन, हुई मौत

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** जिले के गोटेगांव थाना अंतर्गत आने वाले बजरंगी वार्ड निवासी रामजी पिता रमेश सिलावट उम्र 20 वर्ष ने अपने ही घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया। तबियत बिगड़ने पर परिजन उपचार के लिए बीते बुधवार को नरसिंहपुर जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही कर मर्ग प्रकरण कायम कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### 40 वर्षीय व्यक्ति ने किया जहरीली दवा का सेवन

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** डोंगरगांव थाना अंतर्गत मेहराखेड़ा निवासी गणेश पिता बाबूलाल कौरव उम्र 40 वर्ष ने अपने घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था वहीं तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे गाडरवारा स्वास्थ केंद्र लेकर पहुँचे जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां उन्होंने निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया स्टेशन गंज पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद मर्ग प्रकरण कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### महिला ने घर में किया जहरीली दवा का सेवन

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** ठेमी थाना अंतर्गत बम्होरी निवासी गुड्डी बाई पति संतोष मलाह उम्र 35 वर्ष ने अपने घर में जहरीली दवा का सेवन कर लिया था वहीं तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे जहां प्राथमिक उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद मर्ग प्रकरण कायम कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### सोयाबीन उपार्जन के लिए पंजीयन 20 तक

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 अक्टूबर 2024 तक सोयाबीन के पंजीयन किया जायेगा। जिला उपार्जन समिति की अनुशंसा पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024- 25 के लिए जिले में उत्पादित फसल सोयाबीन उपार्जन के लिए 14 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारिण किया गया है।

### किसानों ने कराया पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा के उपार्जन के लिए जिले में अब तक 11 हजार 825 किसानों ने पंजीयन कराया है।

### तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत अंतिम तिथि 13 दिसम्बर

**हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत राज्य शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा जगन्नाथपुरी तीर्थ के लिए पात्र हितग्राहियों से 13 दिसम्बर 2024 तक आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख नियत की गई। यह यात्रा 23 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2024 तक होगी।

# सर्वहारा वर्ग के लिए कांग्रेस ने हमेशा काम किया

## बैठक में संगठन को मजबूत करने पर बल

कांग्रेस ने हमेशा सर्वहारा वर्ग के लिए काम किया है। विकास और अमन शांति भाईचारे को प्राथमिकता दी है। इसके विपरीत भाजपा के लिए विकास और भाईचारा कोई महत्व नही रखता, भाजपा उन्माद फैलाने का काम करती है।

हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।




जरूरत है कि भाजपा की कुरीतियों को घर-घर पहुंचाया जाये। उक्त बात गुरूवार को जिला कांग्रेस की बैठक में जिले के प्रभारी एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद चैधरी ने कही। श्री चैधरी ने संगठन को मजबूत करने पर बल दिया और कहा कि सक्रिय लोगों को आगे लाया जाये। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से अपील की है कि वे 19 अक्टूबर को भोपाल में कांग्रेस के आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। पूर्व विधायक संजय शर्मा ने कहा कि आज बेरोजगारी और महंगाई आम लोगों को परेशान किए हुए है। जरूरत है कि हम सब आम आदमी की समस्याओं को उठायें। पूर्व विधायक सुनीता पटैल ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता ने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी के लिए काम किया है। किन्तु हम भाजपा के छल कपट और ईवीएम की गड़बड़ी के कारण चुनाव में पराजित हुए। उक्त मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता मैथिलीशरण तिवारी , देवेन्द्र पटैल, लाखन सिंह पटैल, दीवान शैलेन्द्र सिंह, संदीप पटैल, राजेन्द्र रघुवंशी, डॉ. राजेन्द्र किलेदार, डॉ.संजीव चांदोरकर, संतोष पटेल, जिनेश जैन, कंछेदी पटैल, बांबी खान, सौरभ शर्मा, राहुल ठाकुर, ईशान राय आदि ने विचार रखे। अंत में आभार प्रदर्शन अमित राय गोलू ने किया। बैठक में जिला कांग्रेस के पदाधिकारी एंव सभी संगठनों के अध्यक्ष मौजूद रहे।



# गौवंश के हत्यारे पर हो कड़ी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।

गोवंश की हत्या करने वाले हत्यारों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि तहसील गाडरवारा के ग्राम सालीचैका में नवरात्री के दशहरा पर्व पर गाँवश की हत्या कर गाय को क्षत-विक्षत कर दिया गया। जिससे हिन्दू धर्म को बहुत आघात पहुंची है। ज्ञापन में आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर बताया गया कि गौ-हत्या पर रोक लगाना बहुत जरूरी है। गौमाता के शव को सडक पर फेकने वाले दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होना अनिवार्य है । उक्त मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनीता पटेल, वरिष्ठ नेता देवेंद्र पटेल, लाखन सिंह पटेल ,सुरेंद्र पटेल , नगर कांग्रेस अध्यक्ष गाडरवारा जिनेश जैन, नरसिंहपुर नगर कांग्रेस अध्यक्ष अमित राय गोलू, भगवंत सिंह जाट , प्रदीप पटेल, देवेंद्र शुक्ला, सौर शर्मा, कंछेदी पटेल, राजेन्द्र नेमा, मनीष साहू, अस्सु नेमा, आशीष राजवेध, नारायण महोबिया, राहुल ठाकुर,संतोष शुक्ला, बृजमोहन चैकसे, सूर्यकांत लोधी के अलावा कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।।

# बालकिशन की बगिया में शरदोत्सव पर समारोह



हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।

शरदोत्सव पर वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर की ओर से झिरना स्थित बालकिशन की बगिया में गरीमामयी काव्य गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें श्रेष्ट रचनाकारों के गीत गजल दोहे छंद सहित शानदार कविताएं श्रोताओं को सुनने मिली । गीतकार कृष्ण कांत चैबे ने मां सरस्वती की वंदना के साथ ही राम नाम का यशोगान यूं किया..राम एक नाम नहीं राम महामंत्र है,राम का न आदि अंत,राम चिर अनंत है। गुरुवर अशोक त्रिपाठी ने अपने काव्य पाठ से आयोजन में समा बांधा वहीं शरद का खूबसूरत चित्रण यूं किया.. पूनम का हो चांद शरद की छटा निराली,वो होठ गुलाबी रूप कमल,पढ़ लेंगे हम। कविवर कुंजबिहारी यादव, कविवर डा.विवेक सक्सेना गीतकार सतीश तिवारी सरस ने शरदोत्सव पर भावपूर्ण दोहे एवं कुण्डलिया छंद सुनाकर प्रस्तुति दी। पं.सी बी शर्मा ने उजला उजला हास्य तो डा.महेश त्रिपाठी ने सगुण रुप पुरषोत्तम राम पर अपनी काव्य अभिव्यक्ति दी। आयोजन समिति से पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी ने कवियों का स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया । कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु के पूजन अर्चन वंदन व हनुमान चालीसा से हुआ।पं.सी बी शर्मा ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किये।पं.गणेश कुमार चतुर्वेदी, दामोदर दास गोस्वामी एवं पं.एम एल हरदेनिया ने शरदोत्सव पर अपने विचार व्यक्त किये।आयोजन में राजेंद्र शर्मा दिनेश श्रीवास्तव प्रेमशंकर राघव एस के चतुर्वेदी हरिश्चंद्र साहू अशोक वर्मा राजेन्द्र सिंह पटेल भगवत सिंह पटेल अशोक नेमा डी डी गोस्वामी,पं.एम एल हरदेनिया पं.रामकुमार शास्त्री आदित्य शास्त्री व्ही बी दुबे सहित अनेक श्रोता उपस्थित थे।

# पेंशनर मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।

गुरूवार को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा नरसिंहपुर में केन्द्र सरकार एवं बैंक प्रबंधन के निर्देशानुसार पेंशनर मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन आभास मिश्रा चीफ मैनेजर क्षेत्रीय प्रबंधक जब्लपुर की अध्यक्षता में एस के चतुर्वेदी कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष मप्र पेंशनर्स समाज के मुख्य आतिथ्य में शुभम श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक मुख्य शाखा नरसिंहपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के आरंभ में शाखा प्रबंधक द्वारा कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके साथ ही उपस्थित सभी वरिष्ठ पेंशनर का सम्मान किया गया तथा इनकी समस्याओं पर चर्चा कर शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया। बैंक के लोन शाखा प्रभारी अभिषेक सोनी द्वारा पेंशन लोन की जानकारी के साथ साइबर क्राइम से सुरक्षा संबंधी जानकारी देते हुए आगामी नवम्बर माह में 5 एवं 6 तारीख को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने हेतू आयोजित होने वाले शिविर में उपस्थिति की अपील की गई।अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# विद्युत पेंशनरों का प्रांतीय अधिवेशन संपन्न




हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।

मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन जबलपुर का प्रांतीय सम्मेलन भोपाल में भावना नगर, सामुदायिक भवन अयोध्या बायपास में संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एस के जायसवाल की अध्यक्षता में विगत दिवस संपन्न हुआ। सम्मेलन में नरसिंहपुर शाखा की ओर से प्रतिनिधि मंडल में सर्वश्री हर प्रसाद कहार, पंडित गणेश कुमार चतुर्वेदी, सी. एल.कहार, के जी शर्मा एवं पीसी चैरसिया आदि पेंशनर शामिल हुए । सम्मेलन में विद्युत पेंशनरों से संबंधी व्याप्त समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई ,बैठक के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य ऊर्जा सचिव माननीय मनु श्रीवास्तव के साथ वल्लभ भवन भोपाल में चर्चा की जिसमें माननीय ऊर्जा सचिव द्वारा पेंशनरों की समस्याओं पर विचार कर शीघ्र ही निर्णय किए जाने का आश्वासन पेंशनरों को दिया। सम्मेलन में पूरे प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए पेंशनर शामिल थे पेंशनरों में शीघ्र ही उनके हित में कुछ ठोस निर्णय किए जाने की उम्मीद त्यौहार के पूर्व लगाई जा रही है।

# नवोदय विद्यालय में 31 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज नरसिंहपुर।

जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी में कक्षा नवमी एवं ग्यारहवीं में प्रवेश के लिए 8 फरवरी 2025 को जवाहर नवोदय विद्यालय पार्श्व चयन प्रवेश परीक्षा वर्ष 2025 आयोजित की जायेगी। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2024 नियत की गई है। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बोहानी के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 9 वीं व 11 वीं में प्रवेश के लिए जिले के समस्त शासकीयध मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा आठवीं एवं कक्षा दसवीं के अध्ययनरत विद्यार्थी निरूशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 9 वीं के लिए और कक्षा 11 वीं के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# करवा चौथ पर अच्छा व्यापार चलने की उम्मीद

तेंदूखेड़ा

पति की लंबी उम्र दीर्घायु सुखमय जीवन की कामना के लिए किये जाने वाले करवा चौथ के व्रत के पूर्व बाजार अच्छा चलने की उम्मीद लगाई जा रही है।

मुख्य रूप से महिला सौन्दर्य प्रसाधन के साथ साथ ब्यूटी पार्लर और कपड़ा दुकानों पर आशातीत ग्राहकी की उम्मीद लगाई जा रही है। नवरात्रि पर्व के उपरांत शरद पूर्णिमा महोत्सव पर लड्डुओं का पूजन व्रत के साथ चौथे दिन मनाया जाने वाला करवा चौथ पर जहां सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री करवा चलनी सींक पोस्टर श्रंगार सामग्री की दुकानों पर अच्छी भीड़ भाड़ देखी जा रही है।हर साल की अपेक्षा इस बार मौसम की वेरुखि तथा फसलों की कटाई का दौर चल रहा है वहीं दीपावली पर्व की तैयारियो लेकर लोग अपने अपने घरों को सजने संवारनें में लगे हुए हैं।

### इनका कहना

कहतीं हैं कि इस वर्ष करवा चौथ पर दुकान दारी अच्छी चलने की उम्मीद है अभी से ग्राहकी देखने को मिलने लगी है।इसी वजह से सामग्री भी खरीदी की गई है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार रेटों में थोड़ा सा फ़र्क है फिर भी सुहागिन महिलाओं द्वारा जरुरी सामग्री खरीददारी का माहौल देखने को मिल रहा है।

**श्रीमती किरण पटवा**

कपड़ा व्यवसाई शुभम कोठारी बताते हैं कि अभी सोयाबीन कटाई कार्य के साथ साथ घरों की साफ सफाई के चलते कपड़ा बाजार में अपेक्षाकृत ग्राहकी का अभाव बना हुआ है। ऊपर से आनलाइन खरीददारी के चक्कर में बाजार में माहौल थोड़ा सा ठंडा बना हुआ है।

**शुभम कोठारी**

[ब्यूटी पार्लर संचालिका श्रीमती प्रीति नामदेव का कहना है कि अधिकांश महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत धारण करतीं हैं। श्रंगार कर चंद्रमा को अर्घ्य देकर ही व्रत का परायण किया करती है।ब्यूटी पार्लर में अपेक्षाकृत ग्राहकी बनीं हुई है।

**श्रीमती प्रीति नामदेव**

सौन्दर्य प्रसाधन सामग्री विक्रेता कृतिका पटवा का कहना है कि करवा चौथ पर भीड़ भाड़ तो रहती है। पूजन सामग्री के अलावा मिठाई कपड़े और श्रंगार सामग्री भी खरीदी जाती है। अगले दो दिन बाद से ही ज्यादा तर महिलाएं खरीद दारी करने निकलेंगी।

# अपनी मांगों को लेकर हाईवे पर चक्काजाम आज

तेंदूखेड़ा

मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री राजवीर सिंह जी तोमर आव्हान पर सम्पूर्ण प्रदेश के जिला जनपद स्तर पर सरकार से सरपंचों को मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम में प्रदत्त अधिकारों को लेकर शुक्रवार को दोपहर 1बजे से 3बजे तक 2घंटे के लिए अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय तेंदूखेड़ा के पास नेशनल हाईवे पर चक्काजाम एवं पूर्ववत 18 सूत्रीय मांगों को लेकर महामहिम राष्ट्रपति जी के नाम सक्षम अधिकारी महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा इसमें स्कूल बसें ऐम्बुलेंस सेवा एवं इमरजेंसी कार्य सुचारू रूप से चालू रहेंगे चक्काजाम आंदोलन शांति पूर्ण तरीके से किया जाएगा ।